# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

24.07.2024 समय : 1850

- सांसद बिष्णु पद रे ने चाथम–बम्बूफ्लाट के बीच पुल बनाए जाने और सेना से इस संबंध में जरूरी स्वीकृति हासिल करने के संबंध में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की।
- सर्वोच्च न्यायालय ने नीट–यूजी परीक्षा–दो हजार चौबीस को रद्द करने और दोबारा परीक्षा कराने का आदेश देने से इंकार कर दिया है।
- शिक्षा क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए पोर्ट ब्लेयर में स्टार्टअप बूट कैंप का आयोजन किया गया।
- कुपोषण मुक्त पंचायत अभियान के तहत मध्योत्तर अंडमान ज़िला प्रशासन द्वारा सभी चिन्हित कुपोषित बच्चों को पोषण सामग्रियों का वितरण किया गया।
- रंगत शैक्षिक अंचल के अधीन विभिन्न स्कूलों के लड़कों और लड़कियों के लिए अंतर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल आज खेला गया।

<><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने चाथम–बम्बूफ्लाट के बीच पुल बनाए जाने और सेना से इस संबंध में जरूरी स्वीकृति हासिल करने के संबंध में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान श्री रे ने कहा कि द्वीपवासियों को इस परियोजना को लेकर एन डी ए सरकार से काफी उम्मीदें हैं। रक्षामंत्री ने सांसद को आश्वासन दिया कि वे इस प्रस्ताव पर सकारात्मक रूप से गौर करते हुए जल्द ही राष्ट्रीय राजमार्ग और सड़क परिवहन मंत्रालय को इसकी सूचना देंगे। इससे पहले श्री बिष्णु पद रे ने राष्ट्रीय राजमार्ग और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भी हाल ही में मुलाकात की थी और उनसे इस पुल के संबंध में स्वीकृति देने का अनुरोध किया था।

<><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने नीट–यूजी परीक्षा–दो हजार चौबीस को रद्द करने और दोबारा परीक्षा कराने का आदेश देने से इंकार कर दिया है। इसके साथ ही देशभर में सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में स्नातक पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए आज से कॉउन्सलिंग प्रक्रिया शुरू होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीश की पीठ ने कहा कि उपलब्ध साक्ष्य प्रश्न–पत्र के लीक होने का संकेत नहीं देते हैं और उनसे पांच मई को आयोजित परीक्षा की वैधता पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पडता है। पीठ ने कहा कि हमारा ये मानना है कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर नीट–यूजी दो हजार चौबीस परीक्षा को रद्द करना उचित नहीं है।

इस बीच, शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने नीट मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है और इसे सत्य की जीत बताया है। शीर्ष न्यायालय के फैसले पर मीडिया को संबोधित करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार पारदर्शी, हेराफेरी मुक्त और शून्य त्रुटि वाली परीक्षा प्रणाली के प्रति वचनबद्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा कि नीट घोटाले में शामिल दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और परीक्षा एजेंसी को पूरी तरह दुरुस्त करने के लिए उच्च स्तरीय समिति बनाई गई है। श्री प्रधान ने कहा कि समिति ने विशेषज्ञों की राय एकत्र की है तथा विभिन्न मॉडलों का अध्ययन किया है।

<><><><><><>

शिक्षा क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए पोर्ट ब्लेयर में स्टार्टअप बूट कैंप का आयोजन किया गया। टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में उद्योग विभाग और उच्च शिक्षा संस्थानों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सिद्धार्थ गुप्ता मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने नई पीढ़ी के लिए पारंपरिक सरकारी नौकरियों के बजाय नवाचार और कारोबारी क्षेत्र के महत्व पर प्रकाश डाला।

तकनीकी सत्र में ऑनलाइन मोड पर कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। डीब्रेट की वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. सराबनी मल्लिक ने उद्यम की पहचान, समस्याओं का समाधान करने के लिए इसकी पहचान करने और शिक्षा क्षेत्र में एक सफल स्टार्टअप के लिए जरूरी बातों से उपस्थिति को अवगत कराया। अंडमान कॉमर्स ऑफ चैम्बर और इंडस्ट्री के इब्राहिम जाडवेट के अलावा पांडिचेरी विश्वविद्यालय के एसोसिएएट प्रोफेसर टी. गणेश ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इससे पहले उपस्थिति का स्वागत करते हुए उद्योग विभाग की सहायक निदेशक एस. सुनीता कुमारी ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। टैगोर कॉलेज के एक सौ तीस विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया।

<><><><><><>

कुपोषण मुक्त पंचायत अभियान के तहत मध्योत्तर अंडमान ज़िला प्रशासन द्वारा ज़िले के तीनों उप–खंडीय स्तर के सभी चिन्हित कुपोषित बच्चों को पोषण सामग्रियों का वितरण किया गया। ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि कुपोषण को समाप्त करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है और ज़िला प्रशासन युवा पीढ़ी के स्वास्थ्य देखभाल और इसमें सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जरूरी पोषण उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए ज़िला प्रशासन की ओर से एस ओ पी भी तैयार किया गया है। इसमें विभिन्न हितधारकों की भूमिका और उनकी जिम्मेदारियां तय की गई है। सतही स्तर पर जागरूकता उत्पन्न करने के लिए पंचायतों और जन प्रतिनिधियों की भूमिका पर भी जोर दिया गया है। पंचायत स्तर पर इस अभियान की निगरानी और आंकलन का कार्य भी किया जाएगा। ज़िला प्रशासन की ओर से करीब दो हजार पोषण सामग्रियों का प्रबंध किया गया है। आगामी तीन महीनों तक प्रत्येक महीने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को चिन्हित बच्चों को पोषण सामग्रियां वितरित करने के लिए साढ़े छः सौ पोषण किट का वितरण किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा ज़िला प्रशासन द्वारा अभियान की समाप्ति पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पंचायतों को भी सम्मानित किया जाएगा। इससे क्षेत्र के सभी बच्चों के पोषण में सुधार आएगा।

<><><><><><>

डीब्रेट में पहली, दूसरी और तीसरी चयनित सूची के सभी शुल्क जमा कर चुके उम्मीदवारों की दस्तावेजों की जांच का कार्य छब्बीस जुलाई को सुबह नौ बजे से डीब्रेट के ग्रीन बिल्डिंग सम्मेलन कक्ष में किया जाएगा। इंजीनियरिंग और गैर इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए बचे हुए सीटों के लिए मौके पर प्रवेश का कार्य सत्ताईस और उनतीस जुलाई को किया जाएगा। जिन उम्मीदवारों ने आवेदन किया है और प्रवेश नहीं मिला है, उन्हें इसमें उपस्थित होने को कहा गया है।

उधर, ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफीसिएंसी की ओर से अट्ठाईस और उनतीस सितम्बर को एनर्जी मैनेजर और एनर्जी ऑडिटर के लिए राष्ट्रीय प्रमाणन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। विवरणिका दिए गए मेल से डाउनलोड किया जा सकता है। इक्कतीस जुलाई की मध्य रात्रि तक ऑनलाइन पंजीकरण किया जा सकता है।

<><><><><><>

मिडिल प्वाइंट स्थित नैदानिक अनुसंधान इकाई होमियोपैथी ने रविन्द्र बांग्ला विद्यालय के पास डीन स्ट्रीट में अपने नए भवन में कार्य करना आरंभ कर दिया है।

<><><><><><>

रंगत शैक्षिक अंचल के अधीन विभिन्न स्कूलों के लड़कों और लड़कियों के लिए अंतर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल आज खेला गया। नींबूतला स्कूल मैदान में खेले गए लड़कों के उन्नीस वर्ष से कम आयु वर्ग के फाइनल में सीनियर सेकेण्डरी स्कूल रंगत की टीम ने जवाहर नवोदय विद्यालय पंचवटी को तीन के मुकाबले चार गोल से पराजित किया। लड़कों के चौदह वर्ष से कम आयु वर्ग के फाइनल में पीएम श्री सीनियर सेकेण्डरी स्कूल स्वदेश नगर ने सीनियर सेकेण्डरी स्कूल कदमतला को तीन–दो से शिकस्त दी। लड़कियों के सत्रह वर्ष से कम आयु वर्ग के फाइनल में सीनियर सेकेण्डरी स्कूल ओरलकच्छा ने पीएम श्री सीनियर सेकेण्डरी स्कूल सबरी जंक्शन को चार–शून्य से हराकर खिताब पर कब्जा किया। इस अवसर पर रंगत के सहायक आयुक्त अतुल सोनी मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने दूर–दराज के क्षेत्र में भी इस तरह के आयोजन पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। टूर्नामेंट में रंगत ज़ोन के अड़सठ स्कूल की टीमों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर में दीपघर और दीप स्तंभ के कार्यालय के पास आज दोपहर बाद एक ऑयल टैंकर के केबिन मे आग लग गई। आग लगते ही इसकी लपटें निकलने लगी और आस–पास पार्किंग में कई गाड़ियां भी खड़ी हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तुरंत ही आग पर काबू पा लिया। दमकल विभाग की इस त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी अग्नि दुर्घटना को टाला जा सका। गनीमत यह रही कि ऑयल टैंकर खाली था।

<><><><><><><>